<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

<u>राज्यपाल ने सुरक्षाकर्मी को सम्मानित किया</u>
<u>शोध उपाधि मिलने पर बधाई दी</u>

लखनऊः 24 जून, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज राजभवन सुरक्षा में तैनात उपनिरीक्षक, श्री इन्द्र बहादुर यादव को शोध उपाधि प्राप्त होने पर बधाई दी तथा सम्मानित किया। राज्यपाल ने श्री इन्द्र बहादुर की प्रशंसा करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने अपनी ओर से एक प्रशस्ति पत्र भी दिया।

श्री इन्द्र बहादुर ने लखनऊ विश्वविद्यालय से भौतिक विज्ञान में प्रो0 आर0के0 शुक्ला के निर्देशन में शोध किया है। शोध का विषय 'सिन्थिसिस एण्ड कैरेकटराइजेशन आफ प्योर एण्ड डोपेप कंडक्टिंग एण्ड सेमीकंडक्टिंग मेटिरियल्स' है। श्री इन्द्र बहादुर मूलतः प्रतापगढ़ के रहने वाले हैं और इन्होंने वर्ष 1994-95 में टी0डी0 कालेज, जौनपुर से एम0एससी0 की परीक्षा उत्तीर्ण की। श्री इन्द्र बहादुर का चयन उपनिरीक्षक पद पर वर्ष 2001 में हुआ, उससे पूर्व वे प्राइमरी अध्यापक के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।